# टैबलेट से बचेगा समय रहेगी पारदर्शिता : सीएम



कैबिनेट में टैबलेट लेकर पहुंचे सीएम और मंत्री

### 15 को खाते में आएगी 1500 रुपये की राशि

मुख्यमंत्री ने मकर संक्रांति की अग्रिम मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि मकर संक्रांति वह शुभ समय है जब सूर्य देव उत्तरायण होते हैं और प्रकृति में नई ऊर्जा का संचार होता है. 15 जनवरी को बाबई नर्मदापुरम से लाडली बहनों के खाते में जनवरी माह की 1500 रुपये की किश्त डाली जाएगी.

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 13 जनवरी. मंत्रालय में कैबिनेट के लिये मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सभी मंत्री भी टैबलेट लेकर पहुंचें. पिछली कैबिनेट में तो उन्हें कैबिनेट की प्रेसी मैनुअल भी दी गई थी, लेकिन इस बार उन्हें टैबलेट में ही एजेंडा मिला.**

डॉ यादव ने टैबलेट में ही एजेंडा देखा और निर्णय के बाद सहमति भी जताई. पिछली बार नये वर्ष की पहली कैबिनेट में 6 जनवरी को मंत्रियों को टैबलेट दिये गये थे और उन्हें ई- टैबलेट एप्लीकेशन का प्रजेंटेशन देकर उपयोग का तरीका बताया गया था. अनौपचारिक कैबिनेट के दौरान डॉ. यादव ने इस पर खुशी जताई और कहा कि इस पहल से पेपरलेस कार्य प्रक्रिया अपनाने, समय की बचत और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी. सीएम ने बैठक से पहले अपने संबोधन में कहा कि संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस से प्रारंभ हुआ है.यह अभियान चार चरणों में 31 मार्च तक चलेगा. इसमें शासन की विभिन्न योजनाओं व सेवाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिया जाएगा.इसमें 16 विभागों की 91 योजनाएं/सेवाएं शामिल हैं. यह नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र दोनों में साथ-साथ चलेगा. प्रथम चरण में 12 जनवरी से 15 फरवरी तक आवेदन प्राप्त करने की कार्यवाही होगी. अगले चरण में 16 फरवरी से 16 मार्च तक प्रथम चरण में प्राप्त आवेदन/शेष आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए शिविरों का आयोजन होगा.

### स्वच्छ जल अभियान की सघन मॉनिटरिंग करें मंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि राज्य सरकार सभी को शुद्ध पेयजल देने के लिए प्रतिबद्ध है. राज्य में स्वच्छ जल अभियान आरंभ किया जा रहा है, जो दो चरणों में संचालित होगा. प्रथम चरण 10 जनवरी से 28 फरवरी और द्वितीय चरण एक मार्च से 31 मार्च के मध्य संचालित होगा. आम नागरिकों की पेयजल समस्या के लिये हर मंगलवार को जल सुनवाई की भी व्यवस्था रखी गई है. अभियान के तहत समस्त जल शोधन यंत्र और पेयजल संग्रहण टंकियों की सफाई होगी, जिसकी निगरानी जीआईएस मैप आधारित एप से होगी. पेयजल संबंधी शिकायतों को 181 पर दर्ज करने की विशेष व्यवस्था की गई है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रीगण को अपने-अपने जिलों में इस अभियान की सघन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए.

## तीस लाख किसानों को सोलर पंप मिलेंगे

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बताया कि इस वर्ष डिण्डोरी जिले में मध्यप्रदेश राज्य श्रीअन्न अनुसंधान केंद्र की स्थापना की जाएगी. ग्वालियर में सरसों अनुसंधान और उज्जैन में चना अनुसंधान केंद्र स्थापित किया जायेगा. डॉ यादव ने कैबिनेट से पहले अपने संबोधन में कहा कि 30 लाख से अधिक किसानों को अगले तीन साल में सोलर पावर पम्प उपलब्ध कराए जाएंगे. प्रदेश का सिंचाई रकबा अभी 65 लाख हेक्टेयर है, इसे बढ़ाकर वर्ष 2028-29 तक 100 लाख हेक्टेयर तक करने का लक्ष्य है. कृषक कल्याण वर्ष का कैलेंडर जारी किया गया है. वर्ष भर कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन व कुछ अन्य विभाग मिलकर कार्य करेंगे.

# दूषित जल मामला: आईसीयू में अभी भी 8 मरीज भर्ती

**03** वेंटिलेटर पर, 436 भर्ती में से 403 डिस्चार्ज

**50** दलों ने किया घर-घर सर्वे

**03** दिन में 16 हजार की जांच

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 13 जनवरी. भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी से फैली स्वास्थ्य समस्या को लेकर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट है.**

समाचार लिखे जाने तक 436 मरीज अस्पतालों में भर्ती किए, जिनमें से 403 मरीज इलाज के बाद डिस्चार्ज हो चुके हैं. फिलहाल 33 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं, इनमें 8 मरीज आईसीयू में हैं और 3 की हालत गंभीर होने पर वेंटिलेटर पर उपचार जारी है.

मंगलवार को प्रभावित क्षेत्रों में 50 दलों ने घर घर सर्वे किया. 187 सदस्यों की टीम ने महिलाओं और बच्चों सहित नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की. रक्तचाप, शुगर और एनीमिया की जांच पर विशेष फोकस रखा. पिछले तीन दिनों में 16,208 लोगों की जांच की गई, जिसमें 278 लोगों में उच्च रक्तचाप और 161 लोगों में मधुमेह के लक्षण पाए. चिन्हित मरीजों को हेल्थ कार्ड देकर आगे की जांच और उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में जाने की सलाह दी. वहीं भागीरथपुरा क्षेत्र की ओपीडी में मंगलवार को 109 मरीज पहुंचे, जिनमें 5 डायरिया के मरीज शामिल थे. किसी भी मरीज को रेफर करने की आवश्यकता नहीं पड़ी. क्षेत्र के निवासियों को हेल्थ कार्ड वितरित किए, जिनमें उनके स्वास्थ्य से जुड़े सभी प्रमुख सूचकांक दर्ज किए हैं. आशा कार्यकर्ताओं ने घर घर पहुंचकर लोगों को पानी उबालकर पीने, साफ सफाई रखने और चल रहे इलाज की दवाइयों का पूरा कोर्स लेने की समझाइश दी.

सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर प्रभावित क्षेत्र में 2 एम्बुलेंस तैनात की गई हैं और 24म7 चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है. गंभीर मरीजों को एमवाय अस्पताल, अरविंदो अस्पताल तथा बच्चों को चाचा नेहरू अस्पताल में रेफर किया जा रहा है. निजी अस्पतालों में इलाज कराने वाले मरीजों को भी नि:शुल्क जांच, उपचार और दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी मरीज को इलाज के अभाव में परेशानी न हो.

# कांग्रेस ने दी कानूनी कदम की चेतावनी

## आरोप : फर्जी अनुसूचित जाति प्रमाणपत्रों पर कार्रवाई नहीं

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 13 जनवरी. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने मंगलवार को राज्य सरकार पर फर्जी अनुसूचित जाति प्रमाणपत्रों के मामलों में प्रभावशाली लोगों को संरक्षण देने का आरोप लगाया.**



भोपाल में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए अहिरवार ने कहा कि कई फर्जी जाति प्रमाणपत्र ताकतवर लोगों द्वारा बनवाए गए, जिनमें कुछ आईएएस अधिकारियों की कथित संलिप्तता भी सामने आई. उन्होंने आरोप लगाया कि अनेक मामलों में जांच होने के बावजूद दोषियों को 'क्लीन चिट' दे दी गई, जिससे जांच की निष्पक्षता और मंशा पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं.

अहिरवार ने आगे कहा कि प्रदेश में फर्जी एससी प्रमाणपत्रों से जुड़े 223 से अधिक मामले लंबित हैं, लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बावजूद राज्य सरकार द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है.

लगातार हो रही देरी पर असंतोष जताते हुए उन्होंने कहा कि अब प्रभावित समाज और कांग्रेस पार्टी के पास न्यायिक हस्तक्षेप का रास्ता ही बचा है. उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर कर फर्जी एससी प्रमाणपत्र धारकों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा.


### पेज एक का शेष

## पांच हजार करोड़ के कर्ज से सुधारेंगे शहरों की सेहत

इसी क्रम में सड़क सुरक्षा एवं शहरी यातायात सुधार, शत-प्रतिशत पेयजल आपूर्ति,सीवरेज सहित अन्य परियोजनाओं में गैप कवरेज से संबंधित कार्य, इंटरसेप्शन एवं डायवर्जन ड्रेन तथा एसटीपी निर्माण संबंधी कार्य एवं राज्य शासन की प्राथमिकता के कार्य किये जा सकेंगे. योजना को क्रियान्वित कराने की जिम्मेदारी नगरीय निकायों की होगी. कैबिनेट ने प्रदेश में 200 नए सांदीपनि विद्यालय की स्थापना के पस्ताव को भी मंजूरी दे दी है. इन विद्यालयों की स्थापना के लिए 3 हजार 660 करोड़ रुपये भी मंजूर किये गये हैं, द्वितीय चरण के प्रस्तावित विद्यालयों की क्षमता एक हजार से अधिक होगी. पहले चरण में 275 विद्यालय मंजूर किये गये थे. मप्र स्पेसटेक नीति-2026 लागू होगी: कैबिनेट ने मप्र स्पेसटेक नीति-2026 लागू किये जाने की स्वीकृति दे दी है. यह नीति उपग्रह निर्माण, भू स्थानिक विश्लेषण और डाउन स्ट्रीम अनुप्रयोगों में नवाचार को बढ़ावा देगी. प्रदेश में आगामी 5 वर्ष में 1 हजार करोड़ का निवेश और लगभग 8 हजार का रोजगार सृजन होगा. इस पर अनुमानित वित्तीय भार 628 करोड़ रूपये आयेगा.

### यह महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए

- सहायक उप निरीक्षक स्व. रामचरण गौतम के परिवार को 90 लाख रुपये की श्रद्धा निधि स्वीकृत.
- ग्वालियर व्यापार एवं उज्जैन विक्रमोत्सव व्यापार मेला-2026 में ऑटोमोबाइल विक्रय पर मोटरयान कर में 50 फीसदी छूट मिलेगी.
- प्रदेश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तीन सोलर सह स्टोरेज प्रदाय परियोजना की स्वीकृति.





# हेमंत खंडेलवाल और हितानंद ने मकरसंक्रांति पर दी बधाई

**भोपाल, 13 जनवरी. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल तथा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने लोहड़ी और मकर संक्रांति के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं.**

खण्डेलवाल ने कहा कि लोहड़ी का पर्व नई फसल के स्वागत और उत्सव का प्रतीक है. यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, खुशहाली और सौभाग्य लेकर आए. साथ ही समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव के भाव को मजबूत करने का संदेश भी देता है. उन्होंने मकर संक्रांति को सामाजिक समरसता, सौहार्द और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह पर्व जीवन में शांति, समृद्धि और सद्भावना लेकर आता है. मकर संक्रांति नई ऊर्जा और संकल्पों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है.

# हाईकोर्ट ने हत्या की सजा बरकरार रखी

**जबलपुर, 13 जनवरी. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मृतिका के शरीर पर सात चोटों के निशान पाए गए, जिससे स्पष्ट होता है कि आरोपी ने हत्या के इरादे से हमला किया था.**

हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन की युगलपीठ ने पत्नी की हत्या के मामले में पति को दी गई आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखते हुए अपील को खारिज कर दिया.

उमरिया निवासी शंकर बैगा ने अपनी पत्नी की हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की थी.




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

TOLL FREE NO. 1800-266-0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Based on the combined & cumulative dispatch volume of the Splendor range of motorcycles till March 2025. #Internal benchmarking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Ex-showroom price of SPLENDOR+ XTEC 2.0 DRUM BRAKE in Madhya Pradesh.

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, नसरूल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर: गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो, 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, नेहरू नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650, 51,52,53, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379.

RS/Hero/06/25

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14